[19/7/2019]

प्रश्न सं. [क्र. 2439]

परिशिष्ट–1

विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक–2439 द्वारा श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह
सत्र जुलाई 2019

अ. क्र.	मार्ग का नाम	अनापत्ति लंबित रहने का कारण
1	जैतपुर मार्ग	प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण इकाई पन्ना द्वारा बिना वन विभाग की पूर्व स्वीकृति के मार्ग निर्माण करते हुये वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन किया गया जिसके फलस्वरूप विभाग द्वारा वन अपराध क्रमांक 1677/13 दिनांक 22.07.2015 से प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आवेदक संस्थान को उनके द्वारा किए गए अवैध उत्खनन के समतलीकरण करने एवं वन अपराध प्रकरण का निराकरण करने हेतु लेख किया गया है। आवेदक संस्थान द्वारा उक्त कार्यवाही पूर्ण नहीं करने के कारण प्रकरण लंबित है।
2	अजयगढ़–नरैनी से भारतपुर मार्ग	प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण इकाई पन्ना द्वारा बिना वन विभाग की पूर्व स्वीकृति के मार्ग निर्माण करते हुये वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन किया गया जिसके फलस्वरूप विभाग द्वारा वन अपराध क्रमांक 2989/20 दिनांक 30.10.2018 से प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आवेदक संस्थान द्वारा इस वन अपराध प्रकरण का निराकरण नहीं कराने के कारण प्रकरण लंबित है।
3	पन्ना पहाड़ीखेरा मार्ग से जमुनहाई	इस मार्ग का प्रस्ताव ऑनलाईन वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत प्राप्त हुआ है। प्रस्ताव में आवेदक संस्थान द्वारा क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु उपलब्ध कराई गई गैर वन भूमि का सीमांकन अभी तक नहीं कराने के कारण प्रकरण लंबित है। उपरोक्त कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात प्रकरण में स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त करने की आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

01.07.19

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

D:\c-drive\Year 2019\F-5\VIDHAN SABHA 2019- Julay\VS-2439-01-07.docx